दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 24 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 148

महत्वपूर्ण एवं खास

अपने ही चाचा का मतदान नहीं करा सके डिप्टी सीएम

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के चौथे चरण में मतदान को लेकर राजधानी में जिला प्रशासन की कई बड़ी लापरवाही सामने आयी जहां प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा अपने ही बुजुर्ग चाचा का मतदान नहीं करा सके। कैलाशनाथ शर्मा ने बताया कि वे डिप्टी सीएम डा दिनेश शर्मा के चाचा है। उन्होंने कहा कि वे सुबह से भूखे प्यासे बैठे वोट डालने के लिए कि कोई आए और उनका वोट कराके ले जाए। आगे बताया कि डीएम ने आदेश दिये थे कि उनका वोट दिलवाने के लिए घर पर आदमी आएगा। लेकिन डीएम के आदेश के बाद भी उनके पास कोई नहीं आया। इससे निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन के काम कगाज की पोल तो खुलती दिखी है,तो वही डिप्टी सीएम के चाचा ही अपना वोट नहीं डाल सके तो वही आम आदमी के लिए क्या व्यवस्था रही होगी इससे अंदाजा लगाया जा सकता है।

रामसेतु पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र से जवाब तलब, नौ मार्च को सुनवाई

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने रामसेतु को ऐतिहासिक स्मारक का दर्जा देने की मांग संबंधी एक याचिका पर बुधवार को केंद्र सरकार से जवाब तलब किया। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमन की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय खंडपीठ ने भारतीय जनता पार्टी नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार पर केंद्र सरकार को हलफनामा दायर कर अपना जवाब देने का आदेश दिया। स्वामी ने इस याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार आज की थी। खंडपीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ मार्च की तारीख मुकर्रर की है। राज्यसभा सांसद स्वामी ने 2018 में याचिका दायर की थी। इस मामले में उन्होंने करीब दो साल पहले भी शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई थी।

बिहार में सड़क हादसा, पांच पुलिसकर्मी घायल

पटना (आरएनएस)। बिहार सैन्य पुलिस (बीएमपी) के 5 जवान मंगलवार को शेखपुरा जिले में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर में घायल हो गए, जिनमें से 3 की हालत गंभीर है। यह जानकारी पुलिस ने दी। कैबिनेट मंत्री शीला मंडल के काफिले को एस्कॉर्ट कर रहे बीएमपी के जवानों को जिले के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये हादसा इतना जबरदस्त था कि जिस वाहन पर बीएमपी के जवान पहुंचे वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। महुली पुलिस चौकी के प्रभारी पप्पू सिंह ने कहा, हमारे पास ट्रक का विवरण है। हम जल्द ही दोषी चालक को गिरफ्तार कर लेंगे।

कुल्लू और लाहौल-स्पीति में ताजा बर्फबारी, बाह्य सराज का सपंर्क कटा

कुल्लू (आरएनएस)। जिला कुल्लू और लाहौल-स्पीति में ताजा बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बर्फबारी से कुल्लू-केलांग के साथ बाह्य सराज का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। रोहतांग दर्रा के अलावा अटल टनल रोहतांग, बारालाचा, कुंजम दर्रा, जलोड़ी दर्रा व सोलंगनाला में ताजा बर्फबारी हुई है। जिला कुल्लू में भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है। वहीं मनाली-लेह मार्ग को बहाल करने में बीआरओ को झटका लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने दोनों जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने सैलानियों व आम लोगों को मौसम के खतरे को लेकर सतर्क रहने को कहा गया है।

पीएम ने शतरंज के मशहूर चैंपियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफ आर प्रज्ञानानंद की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट में मशहूर चैम्पियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफ आर प्रज्ञानानंद की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा; हम सभी युवा प्रतिभाशाली आर प्रज्ञानानंद की सफलता पर ख़ुशी मना रहे हैं। मशहूर चैंपियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफ जीत दर्ज करने की उनकी उपलब्धि पर गर्व है। मैं प्रतिभाशाली प्रज्ञानानंद को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

ऑपरेशन बुल बुल' सुरक्षाबलों से मुठभेड़ के दौरान नक्सल कमांडर ढेर

दस लाख के ईनामी समेत 9 गिरफ्तार

रांची (आरएनएस)। झारखंड के लोहरदगा एवं लातेहार जिलों में बारह दिनों तक माओवादियों के खिलाफ चलाये गये 'ऑपरेशन बुलबुल' के दौरान सुरक्षा बलों ने कम से कम दस मुठभेड़ों में जहां दस लाख रुपए के ईनामी नक्सली जोनल कमांडर बलराम उरांव समेत नौ नक्सलियों को धर दबोचा। वहीं एक शीर्ष नक्सली को मार गिराया है। साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किया है।

यहां झारखंड पुलिस के प्रवक्ता एवं महानिरीक्षक एवी होमकर ने बताया कि आठ फरवरी को लोहरदगा एवं लातेहार के बुलबुल जंगलों में शुरू हुए इस 'ऑपरेशन बुल बुल' अभियान में सुरक्षा बलों को भारी सफलता मिली और उन्होंने पूरे इलाके में न सिर्फ नक्सलियों की कमर तोड़ दी बल्कि लगभग पूरे इलाके से उन्हें खदेड़ दिया।

उन्होंने बताया कि 21 फरवरी को संपन्न हुए इस नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों के साथ कार्रवाई में शामिल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन के तीन जवान आईईडी विस्फोट में घायल हुए। उन्होंने बताया कि इस दौरान सुरक्षा बलों ने एक शीर्ष माओवादी को मार गिराया जिसकी पहचान की जा रही है।

होमकर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने नौ संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा जिनकी पहचान कराने पर पता चला कि उनमें माओवादियों का जोनल कमांडर दस लाख रुपये का ईनामी बलराम उरांव, सबजोनल कमांडर दशरथ सिंह खेरवार, एरिया कमांडर मारकुश नगेसिया, शैलेश्वर उरांव, मुकेश कोरवा, विरेन कोरवा, शैलेन्द्र नगेसिया, संजय नगेसिया और शीला खेरवार शामिल हैं।

पकड़े गये नक्सलियों एवं उनके नष्ट किये गये अड्डों से सुरक्षा बलों ने एक अमेरिकन आटोमेटिक राइफल, एक इंसास राइफल, 315 बोर की एक राइफल, एक कारबाइन, एक पिस्तौल, तमाम हथियारों की 1678 गोलियां, एसएलआर की 13 मैगजीन, इंसास राइफल की चार मैगजीन, लाइट मशीनगन की दो मैगजीन, अनेक ग्रेनेड, चार वायरलेस सेट आदि सामान बरामद किया है।

थल सेना अध्यक्ष ने पैराशूट रेजिमेंट की बटालियनों को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किए

नई दिल्ली (आरएनएस)। थल सेना अध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने आज बेंगलुरू स्थित पैराशूट रेजिमेंट प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित एक प्रभावशाली ध्वज प्रस्तुति परेड के दौरान पैराशूट रेजिमेंट की चार बटालियनों को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किए। इन बटालियनों में 11 पैराशूट (विशेष बल), 21 पैराशूट (विशेष बल), 23 पैराशूट और 29 पैराशूट हैं।

पैराशूट रेजिमेंट भारतीय सेना की एक विशिष्ट रेजिमेंट है। यह स्वतंत्रता के पहले और बाद के अभियानों में अपना एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड रखती है। इस रेजिमेंट को गाजा, कोरिया, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, कच्छ के रण, सियाचिन, राजस्थान, पंजाब व जम्मू और कश्मीर जैसे विविध युद्ध क्षेत्रों व मणिपुर, नगालैंड और असम सहित पूर्वी युद्ध क्षेत्र में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। आजादी के बाद पैराशूट रेजिमेंट की बटालियनों ने प्रभावशाली 32 सेना अध्यक्ष बटालियन प्रशस्ति पत्र प्राप्त किए हैं। वहीं, इसके जवानों को वीरता व असाधारण बहादुरी के लिए 8 अशोक चक्र, 14 महावीर चक्र, 22 कीर्ति चक्र, 63 वीर चक्र, 116 शौर्य चक्र और 601 सेना पदक से सम्मानित किया गया है।

सेना प्रमुख ने परेड की समीक्षा के बाद पैराशूट रेजिमेंट की वीरता, बलिदान और परंपराओं की समृद्ध विरासत की सराहना की। वहीं, सेना प्रमुख ने कम समय में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए नई गठित की गई बटालियनों की भी सराहना की और गर्व के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए सभी सैनिकों को शुभकामनाएं दीं।

पर्यटकों से गुलजार होने लगी गंगाघाटी

ऋषिकेश (आरएनएस)। पारा चढ़ते ही गंगा घाटी देश-विदेश के पर्यटकों से गुलजार होने लगी है। बीते एक सप्ताह से साहसिक खेलों का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों की भीड़ बढ़ रही है। सैलानी उत्साह, साहस व रोमांच के साथ रॉक-क्लाइंबिंग, रिवर राफ्टिंग, ट्रैकिंग, रॉक जंप, बंजी जम्पिंग सहित अन्य साहसिक खेलों का मजा ले रहे हैं।

गंगा घाटी कौडियाला से लेकर ऋषिकेश तक देशी-विदेशी पर्यटकों से गुलजार होने लगी है। नीरगड्डू में रॉक जम्प के लिए पर्यटक खूब उत्साहित दिख रहे है। पर्यटक साहस और उत्साह के साथ ऊंची पहाड़ी से नदी में कूद रहे हैं। गंगा सुबह से सायं तक रंग-बिरंगी राफ्टों से अटी नजर आ रही है। साहसिक खेलों का लुत्फ उठाने के लिए दिल्ली, नोएडा, मेरठ, गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश के साथ ही विदेशों से भी सैलानी पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती तादाद से साहसिक खेलों से जुड़े लोग भी काफी उत्साहित हैं। राफ्टिंग व्यवसायी विजेन्द्र पंवार का मानना है कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी, वैसे-वैसे पर्यटकों की संख्या भी बढ़ती जायेगी। व्यवसायियों का मानना है कि ऋषिकेश क्षेत्र में साहसिक खेलों की अपार संभावनाएं है। लेकिन सरकार की उपेक्षा के चलते खेलों को बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है। व्यवसायियों ने सरकार से इस ओर ध्यान की मांग की है।

एनसीपी नेता नवाब मलिक को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली (आरएनएस)। एनसीपी नेता नवाब मलिक को ईडी ने दाऊद इब्राहिम से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया है. शरद पवार ने कहा है कि केंद्रीय एजेंसियों के गलत इस्तेमाल के खिलाफ आवाज उठाने वालों को परेशान किया जा रहा है.प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम बुधवार सुबह सात बजे ही मलिक को मुंबई स्थित उनके घर से अपने दफ्तर पूछताछ के लिए ले गई थी, जहां बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि एजेंसी मुंबई के कुर्ला इलाके में मलिक द्वारा खरीदे गए एक मकान की जांच कर रही है. आरोप है कि मलिक ने यह मकान दाऊद इब्राहिम के एक सहयोगी से खरीदा था और वो भी उस समय बाजार में उसकी कीमत से कम दाम पर. पूछताछ के बाद एजेंसी के दफ्तर के बाद मलिक ने पत्रकारों से कहा, लड़ेंगे, जीतेंगे, सबको एक्सपोज करेंगे , ईडी ने हाल ही में इस मामले में जांच के तहत कई जगह छापे मारे थे और दाऊद के भाई इकबाल कास्कर को गिरफ्तार भी किया था.

ईडी को कई हवाला लेनदेन के कई मामलों के बारे में पता चला था जिनका संबंध दाऊद, इकबाल मिर्ची, छोटा शकील, जावेद चिकना जैसे गैंगस्टरों से पाया गया था. दाऊद के खिलाफ नया मामला इन मामलों में जबरदस्ती वसूली, ड्रग्स की तस्करी, मुंबई के कई इलाकों में संपत्ति की बिक्री और कई गैर कानूनी तरीकों से की गई कमाई का लेनदेन पाया गया था. ईडी इस मामले में मुंबई में 10 स्थानों पर तलाशी ले चुकी है. ईडी की यह कार्रवाई राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण द्वारा कुछ ही दिनों पहले दर्ज किए गए एक ताजा मामले पर आधारित है. एनआईए ने यह मामला दाऊद और उसके सहयोगियों के खिलाफ यूएपीए के तहत दर्ज किया है.

नवाब मलिक एनसीपी के वरिष्ठ नेता हैं और मौजूदा महाराष्ट्र सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के और कौशल विकास मंत्री हैं. वो एनसीपी की मुंबई इकाई के अध्यक्ष हैं. वो कुछ महीनों पहले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ कई दुराचार के आरोप लगाने की वजह से सुर्खियों में आए थे. विधायकों के निलंबन को सुप्रीम कोर्ट ने बताया असंवैधानिक, किया रद्द) राजनीतिक लड़ाई वानखेड़े ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान समेत 20 लोगों को एक क्रूज शिप से गिरफ्तार किया था और उन पर ड्रग्स रखने का आरोप लगाया था. बाद में वानखेड़े के पिता ने मलिक के खिलाफ मानहानि का मुकदमा भी कर दिया था. वानखेड़े के खिलाफ भी मुंबई पुलिस ने जालसाजी का एक मुकदमा दर्ज किया था.

सरकार ने जनजातीय बहुल इलाकों में शिक्षा की चुनौती को मिशन मोड में लिया है : अर्जुन मुंडा

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने 22 फरवरी, 2022 को झारखंड के विभिन्न जिलों में स्थित सात एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के छात्रों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की।

इस उत्साहपूर्ण बातचीत में मंत्री ने कहा कि सरकार ने जनजातीय बहुल इलाकों में शिक्षा की चुनौती को मिशन के तौर पर लिया है और हम उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। इसके लिए सरकार ने आदिवासी बच्चों की शिक्षा की कमी को पूरा करने के लिए 452 नए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्वीकृत किए हैं। इनमें से बड़ी संख्या में दूर-दराज के क्षेत्रों और ब्लॉक स्तर पर स्कूल खोले जाने का प्रस्ताव है। मंत्री ने कहा कि ये स्कूल जनजातीय छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि 15 नवंबर, 2021 को जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री ने 50 ईएमआरएस की आधारशिला रखी, जिनमें से 20 झारखंड में स्थित हैं। अर्जुन मुंडा ने आगे बताया कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान इन स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के प्रयास किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप अब हम शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में ईएमआरएस से कई टॉपर्स और विजेता को निकलते हुए देख रहे हैं। इन छात्रों को पोषण अभियान, स्वच्छता मिशन जैसी सामाजिक और राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में भी शामिल किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि शिक्षा का केंद्र बिंदु नैतिक मूल्य और चरित्र निर्माण होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि जनजातीय बच्चों को मैट्रिक के बाद, उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय फेलोशिप, विदेशी शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति जैसी उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में छात्रवृत्तियां दी जा रही हैं और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को अधिक से अधिक यथासंभव छात्रवृत्ति देने का प्रयास है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है जब देश के प्रधानमंत्री इतने व्यस्त कार्यक्रम में परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) जैसे अद्वितीय कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों से संवाद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री छात्रों को परीक्षा से पहले तनाव मुक्त रहने और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में भाग लेने के लिए उनका मार्गदर्शन करते रहे हैं। मंत्री ने ईएमआरएस के छात्रों को भी आगे आने और परीक्षा से पहले परीक्षा पे चर्चा 2022 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ विचार-विमर्श करने का आह्वान किया।

मेहनती छात्रों की अदम्य भावना को प्रोत्साहित करते हुए अर्जुन मुंडा ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव अनिल कुमार झा ने जनजातीय कार्य मंत्रालय की विभिन्न प्रतिष्ठित छात्रवृत्तियों से छात्रों को अवगत कराया, जो अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लाभ के लिए लागू की गई हैं जो आगे अध्ययन करने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों की उपलब्धियों की भी सराहना की।

भारतीय वायुसेना इंग्लैंड में कोबरा वारियर युद्धाभ्यास में भाग लेगी

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय वायु सेना 06 से 27 मार्च 2022 तक इंग्लैंड के वैडिंगटन में 'एक्स कोबरा वारियर 22' नामक एक बहु राष्ट्र वायु सेना युद्धाभ्यास में भाग लेगी। भारतीय वायु सेना के लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस इंग्लैंड और अन्य शीर्ष वायु सेनाओं के लड़ाकू विमानों के साथ इस युद्धाभ्यास में भाग लेंगे।

इस अभ्यास का उद्देश्य भाग लेने वाली वायु सेनाओं के मध्य परिचालन प्रदर्शन करना और श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा करना है, जिससे युद्ध क्षमता को बढ़ाना और मित्रता के बंधन को मजबूत बनाना है। यह एलसीए तेजस के लिए अपनी गतिशीलता और परिचालन क्षमता का प्रदर्शन करने वाला एक मंच होगा।

पांच तेजस विमान इंग्लैंड के लिए उड़ान भरेंगे। भारतीय वायु सेना के सी-17 विमान प्रवेश (इंडक्शन) और निकास (डी-इंडक्शन) के लिए आवश्यक परिवहन सहायता प्रदान करेगा।

पीएम ने ग्रामीण विकास पर केंद्रीय बजट के सकारात्मक प्रभाव पर वेबिनार को संबोधित किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण विकास पर केंद्रीय बजट के सकारात्मक प्रभाव पर एक वेबिनार को संबोधित किया। यह इस सीरीज का दूसरा वेबिनार है। इस अवसर पर संबंधित केंद्रीय मंत्री, राज्य सरकारों के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ने इस बात को दोहराते हुए अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास हमारी सरकार की पॉलिसी और एक्शन का प्रेरणा सूत्र है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, आजादी का अमृत काल के लिए हमारे वादों को सभी के प्रयासों से ही पूरा किया जाएगा और हर कोई उस प्रयास को तभी कर पाएगा जब प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग और क्षेत्र को विकास का पूरा लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार द्वारा, सैचुरेशन के इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप दिया गया है। उन्होंने कहा, बजट में पीएम आवास योजना, ग्रामीण सडक़ योजना, जल जीवन मिशन, नॉर्थ ईस्ट की कनेक्टिविटी, गांवों की ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, ऐसी हर योजना के लिए जरूरी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा, बजट में जो वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम घोषित किया गया है, वो हमारे सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए बहुत अहम है।

प्रधानमंत्री ने सरकार की प्राथमिकताओं पर विस्तार से बताया और कहा कि प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास पहल (पीएम-डिवाइन) से पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं शत-प्रतिशत सुनिश्चित होंगी। इसी तरह, स्वामित्व योजना के तहत 40 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिससे गांवों में आवासों और भूमि के उचित सीमांकन में मदद मिल रही है। विशिष्ट भूमि पहचान पिन जैसे उपायों से राजस्व अधिकारियों पर ग्रामीण लोगों की निर्भरता कम होगी। उन्होंने राज्य सरकारों से भूमि अभिलेखों और सीमांकन समाधानों को आधुनिक तकनीक से जोडऩे के लिए समय-सीमा के साथ काम करने को कहा। उन्होंने कहा, विभिन्न योजनाओं में शत-प्रतिशत कवरेज के लिए, हमें नई तकनीक पर ध्यान देना होगा, ताकि परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा किया जा सके और गुणवत्ता से भी समझौता नहीं हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत लगभग 4 करोड़ कनेक्शन देने का टारगेट हमने रखा है। इस टारगेट को हासिल करने के लिए आपको अपनी मेहनत और बढ़ानी होगी। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से आग्रह किया करते हुए कहा कि जो पाइपलाइन बिछ रही हैं, जो पानी आ रहा है, उसकी क्वालिटी पर भी हमें बहुत ध्यान देने की ज़रूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा, इस योजना की एक मुख्य विशेषता है कि ग्राम स्तर पर स्वामित्व की भावना होनी चाहिए और जल शासन को मजबूत किया जाना चाहिए। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमें 2024 तक हर घर में नल का पानी पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गांवों की डिजिटल कनेक्टिविटी अब एक एस्पिरेशन भर नहीं है, बल्कि आज की ज़रूरत है। उन्होंने कहा, ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी से गांवों में सुविधाएं ही नहीं मिलेंगी, बल्कि ये गांवों में स्किल्ड युवाओं का एक बड़ा पूल तैयार करने में भी मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ब्रॉडबैंड सेवा क्षेत्र का विस्तार करेगा। उन्होंने ब्रॉडबैंड क्षमताओं के समुचित इस्तेमाल के बारे में उचित जागरूकता की आवश्यकता पर भी जोर दिया जहां काम पहले ही पूरा हो चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा आधार हमारी महिला शक्ति है। उन्होंने कहा, फाइनेंशियल इंक्लुजऩ ने परिवारों में महिलाओं की आर्थिक फैसलों में अधिक भागीदारी सुनिश्चित की है। सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से महिलाओं की इस भागीदारी को और ज्यादा विस्तार दिए जाने की जरूरत है। अंत में, प्रधानमंत्री ने अपने अनुभव से ग्रामीण विकास के लिए शासन में सुधार के कई तरीके सुझाए। उन्होंने सुझाव दिया कि ग्रामीण मुद्दों के लिए जिम्मेदार सभी एजेंसियां नियमित अंतराल पर एक साथ बैठें ताकि तालमेल और समन्वय सुनिश्चित किया जा सके, इससे मदद मिलेगी।